भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2104

जिसका उत्तर 02 दिसम्बर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया गया

जीओ पेमेंट बैंक के साथ एसबीआई की साझेदारी

2104. श्री एस॰ वेंकटेशनः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय स्टेट बैंक को जीओ पेमेंट बैंक का कनिष्ठ साझीदार बनाया गया है जिसे अभी भी स्थापित किया जाना बाकी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त निर्णय किस स्तर पर लिया जाता है;

(ग) क्या इन दो संस्थाओं के बीच कोई हितों का टकराव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): भारतीय स्टेट बैंक ने सूचित किया है कि जियो पेमेन्ट्स बैंक लिमिटेड में उसका एक साझा उपक्रम (वेंचर) निवेश है जिसके लिए बैंक के केन्द्रीय बोर्ड से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त किए गए थे। इसके अतिरिक्त, उसने यह भी सूचित किया है कि चूंकि पेमेन्ट बैंक और सरकारी क्षेत्र के बैंक परिचालन के अपने-अपने संबंधित क्षेत्र में कार्य करते हैं, इसलिए हितों का कोई टकराव नहीं पाया गया है।

*****